# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,

ग्राम मदाऊ, पोस्ट भांकरोटा, जयपुर–302026

## विज्ञापन संख्या 1/2013

**क्रमांक प.(    )जरारासंविवि/संस्था./2013/**                                                **दिनांकः–**

विश्वविद्यालय के निम्नांकित पदों पर नियमानुसार नियुक्ति किये जाने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र. सं. | विभाग | पद का नाम | पद संख्या | वर्ग | वेतनमान (छठे वेतन आयोग के अनुसार) | परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में देय स्थिर पारिश्रमिक (छठे वेतन आयोग के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुसंधान | निदेशक, अनुसंधान केन्द्र | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–10000) | **43000/–** |
| 2. | ज्योतिष | 1. आचार्य (प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–10000) | **43000/–** |
| | | 2. सह आचार्य (एसोसिएट प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–9000) | **39000/–** |
| 3. | शिक्षा | 1. आचार्य (प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–10000) | **43000/–** |
| | | 2. सहायक आचार्य (एसिस्टेन्ट प्रोफेसर) | 1 | अना. | 15600–39100 (AGP–6000) | **18200/–** |
| 4. | व्याकरण | 1. सहायक आचार्य (एसिस्टेन्ट प्रोफेसर) | 1 | अना. | 15600–39100 (AGP–6000) | **18200/–** |
| 5. | दर्शन | 1. आचार्य (प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–9000) | **43000/–** |
| | | 2. सह आचार्य (एसोसिएट प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–9000) | **39000/–** |
| 6. | वेद | 1. सह आचार्य (एसोसिएट प्रोफेसर) | 1 | अना. | 37400–67000 (AGP–9000) | **39000/–** |
| 7. | आधुनिक ज्ञान–विज्ञान | 1. सहायक आचार्य – हिन्दी | 1 | अना. | 15600–39100 (AGP–6000) | **18200/–** |
| | | 2. सहायक आचार्य – अंग्रेजी | 1 | अना. | | **18200/–** |
| | | 3.सहायक आचार्य – राजनीति विज्ञान | 1 | अना. | | **18200/–** |
| | | 4. सहायक आचार्य – कम्प्यूटर विज्ञान | 1 | अना. | | **18200/–** |

(1) सभी पदों हेतु दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन अवधि (*Probation period*) पर नियुक्ति की जायेगी एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार परिवीक्षाकाल में स्थिर पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) का भुगतान किया जायेगा। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित वेतनमान, ग्रेड पे एवं भत्ते देय होंगे। परिवीक्षाधीन अवधि में वार्षिक वेतनवद्धि देय नहीं है। नियुक्त होने वाले शिक्षकों पर राज्य सरकार में प्रभावी नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू रहेगी तथा राजस्थान सेवा नियम/विश्वविद्यालय के प्रावधान लागू होंगे।

(2) विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने अथवा साक्षात्कार के लिए पात्रता धारियों को बुलाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।

(3) इस विश्वविद्यालय में किसी भी पद हेतु पूर्व में किया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।

(4) पदों के सन्दर्भ में योग्यता, आवेदन पत्र, फीस, एवं अन्य शर्तें इत्यादि का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** से **दिनांक 19.09.13** से प्राप्त किया जा सकता है।

(5) प्रत्येक पद के लिये आवेदन शुल्क रूपये 1000/– (एस.टी./एस.सी. के लिए 500/–) का डी.डी. कुलसचिव ज.रा.रा.सं. वि.वि. जयपुर के नाम देय होगा। एक से अधिक पद के लिये आवेदन करने पर पृथक्–पृथक् आवेदन करना होगा।

(6) सेवारत अभ्यर्थियों का नियोक्ता से अग्रेषित पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र निर्धारित फीस के साथ **दिनांक 30.10.13 सायं 5.00 बजे** तक **कुलसचिव, ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जिला–जयपुर–302026** के पते पर पहुंच जाना चाहिए।

(7) आवेदन पत्र के साथ प्राप्त संलग्नकों के अतिरिक्त बाद में अन्य कोई सलग्नक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे एवं उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

(8) डाक में हुए विलम्ब के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(9) आवेदन की अन्तिम तिथि को आवेदक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पूर्ण योग्यताधारी/Eligible होना चाहिए।

(10) साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार के यात्रा भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

(11) अपूर्ण/अयोग्य आवेदन पत्रों को निरस्त समझा जावेगा तथा उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

(12) चयनित शिक्षकों को परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित आवास में रहना अनिवार्य होगा।

**कुलसचिव**